तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024

11 डीएड-बीएड प्रशिक्षितों का धरना कंप्यूटर ऑपरेटरों..



12 शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न पानी की सुविधा न...



# इंटरनेट पर बीमारी खोजकर हो रहे 'इडियट सिंड्रोम' के शिकार, सामने आ रहे दवा सेवन के दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


इंटरनेट का उपयोग जानकारी, कामकाज और मनोरंजन के साथ बीमारियों का पता लगाने और उसके निदान के लिए दवा खोजने के लिए भी किया जाने लगा है। तबीयत नहीं सुधरने पर ऐसे लोग डॉक्टरों के पास पहुंचे और कइयों को इसका दुष्परिणाम भी भुगतना पड़ रहा है। स्वाइन फ्लू के मौसम में बड़ी संख्या में लोग इडियट सिंड्रोम के शिकार हुए हैं। सर्दी-खांसी को मौसमी मानकर इंटरनेट पर दवा खोजकर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- शिकायत बढ़ने पर पहुंच रहे डॉक्टरों के पास दवा तय करने स्वयं दे रहे तर्क

### जल्द ठीक होने की हड़बड़ी बन जाती है लत

मनो स्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार के मुताबिक, किसी तरह की शारीरिक परेशानी ठीक करने की हड़बड़ी में लोग इंटरनेट डिराइव्ड इंफॉर्मेशन ऑब्सट्रक्शन ट्रीटमेंट यानी इडियट सिंड्रोम के शिकार हो जाते हैं। इसमें बीमारी के आधार पर दवा खोजकर वे दवा दुकान पहुंच जाते हैं। जब छोटी-मोटी समस्या इंटरनेट की मदद से ठीक होने लगती है तो वे इस पर ज्यादा भरोसा करने लगते हैं, जो कई बार बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। किसी भी तरह का मर्ज ठीक होने में तीन से चार दिन लगते हैं, मगर लोग जल्दी ठीक होने के लिए स्वयं ही दवा का चयन करते हैं।

### लक्षण के आधार पर बीमारी तय कर इंटरनेट पर दवा खोजने का बढ़ रहा चस्का



### आते रहते हैं कई मामले

आंबेडकर अस्पताल के टीबी एवं चेस्ट रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरके पांडा के मुताबिक, ओपीडी में कई ऐसे मरीज आते हैं, जो गूगल के माध्यम से अपनी बीमारी के बारे में जानकारी ले लिए होते हैं। कुछ तो इलाज के लिए पहले से ही दवा खाते रहते हैं। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है किसी तरह की शारीरिक समस्या अगर ठीक नहीं हो रही है तो डॉक्टरों के पास जाकर जांच करानी चाहिए। इंटरनेट में किसी तरह की जानकारी लेना ठीक है, मगर इस पर ज्यादा भरोसा करना ठीक नहीं है। इस तरह की आदत की वजह से स्वाइन फ्लू के दौरान कुछ लोगों को ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ी थी।

### छोटी समस्या को 40 फीसदी लोग मान लेते हैं गंभीर

नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ एवं आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता के अनुसार, ऐसे मरीजों की संख्या 40 फीसदी तक होती है। सामान्य परेशानी को इंटरनेट में सर्च कर वे गंभीर मान लेते हैं और उसकी दवा, यहां तक कि ऑपरेशन के बारे में भी जानकारी लेते हैं। दी जाने वाली दवाओं को लेकर भी उनके द्वारा तर्क-कुतर्क किया जाता है। चिकित्सकों को इलाज के साथ इंटरनेट सिंड्रोम की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेट से जानकारी लेना ठीक है, मगर इस पर भरोसा कर स्वयं इलाज करने के दुष्परिणाम भी होते हैं।

## खबर संक्षेप

### साय आज दिल्ली में गडकरी की बैठक में होंगे शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 30 सितंबर को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और राज्य के लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन और वन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नशे से मुक्ति दिलाने पुलिस ने की काउंसिलिंग



**रायपुर।** नशे के आदी लोगों को नशा छोड़ने प्रेरित करने उरला पुलिस ने रविवार को 9 लोगों की काउंसिलिंग की। काउंसिलिंग सायकोलॉजिस्ट डॉ. आलोक शर्मा की उपस्थिति में कराई गई। काउंसिलिंग में पूर्व में नशा छोड़ चुके लोगों ने नशे से पूर्व तथा नशा छोड़ने के बाद के अनुभव साझा किए। पुलिस ने उक्त काउंसिलिंग निजात अभियान के तहत कराई। काउंसिलिंग में एक दंपति अपने नाबालिग बेटे का नशा छुड़ाने उसे लेकर पहुंचे थे।

### शादी का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से रेप करने के आरोप में बेमेतरा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, युवती से रेप के आरोप में दीपक कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि दीपक से उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। दीपक ने युवती को शादी करने की बात कहकर मिलने के लिए रेलवे स्टेशन स्थित एक होटल में बुलाया और युवती के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

### कार बनाने का झांसा दूसरे को बेच दिया वाहन

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री करने वाले एक कारोबारी ने एक व्यक्ति के खिलाफ बनाने के लिए दी हुई कार किसी दूसरे को बेचकर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बोरियाखुर्द निवासी अभिषेक देवांगन ने अभय नायडू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि अभय ने उसके सेकेंड हैंड कार शोरूम में आकर कार सीजी 15 डीएक्स 3296 को ठीक कराने का झांसा देकर अंबिकापुर में किसी दूसरे को बेचकर साढ़े 10 लाख की ठगी की है।

### टेबल पर शराब, बीयर सर्व होने के बाद पुलिस ने की छापे की कार्रवाई

# सुरा प्रेमी बनकर शराब खरीदने ढाबा, क्लब पहुंचे एसएसपी, आधा दर्जन कर्मी धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

वीआईपी रोड तथा आउटर के थाना क्षेत्रों के बार, होटल और क्लबों में तय समयसीमा के बाद ग्राहकों को शराब परोसने तथा ढाबों में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद एसएसपी ने मोर्चा संभाला। एसएसपी डॉ. संतोष सिंह शनिवार देर रात सादी वर्दी में बार तथा ढाबे में ग्राहक बनकर शराब खरीदने पहुंचे। एसएसपी की टेबल में वेटर ने जैसे ही बीयर सर्व की, पुलिस की टीम ने दबोच लिया। बार तथा ढाबे को चारों तरफ से घेरकर पड़ताल की।

एसएसपी के मुताबिक, लगातार कार्रवाई के बाद भी होटल, क्लब, बार तथा ढाबों में देर रात शराब परोसने की शिकायतें मिल रही थीं। इस वजह से उन्होंने ढाबा, बार, होटल तथा क्लब की जांच करने का निर्णय लिया। वस्तुस्थिति जानने एसएसपी सादी वर्दी में ग्राहक बनकर माना स्थित एरिया-36 रेस्टोरेंट कैफे तथा द बर्न हाउस रेस्टोरेंट पहुंचे।

### एरिया-36 में 40 से ज्यादा ग्राहक

एसएसपी के मुताबिक, जब वे एरिया-36 पहुंचे, तब रेस्टोरेंट में काफी चहल-पहल थी। ग्राहकों की टेबल पर शराब एवं बीयर की बोतलें रखी हुई थीं। उन्होंने एक वेटर को बीयर लाने आर्डर दिया तो उसने पहले बीयर नहीं होने की बात कही। इसके बाद वेटर ने बीयर की दोगुनी कीमत कोड करते हुए एसएसपी की टेबल में बीयर सर्व की।

### वीआईपी रोड, आउटर में शराब की अवैध बिक्री, शिकायत के बाद एसएसपी ने संभाला मोर्चा





### पुलिस देखते ही मची अफरातफरी

वेटर ने एसएसपी की टेबल में जैसे ही बीयर सर्व की। एसएसपी ने सीएसपी को कॉल कर मौके पर पुलिस बल के साथ बुलाया। कैफे मैनेजर के साथ वहां काम करने वाले कर्मियों ने पुलिस टीम को जैसे ही देखा, उन्होंने कैफे की लाइट बंद कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कैफे में छापे की कार्रवाई करते हुए शराब तथी बीयर जब्त की।

### हुक्को के साथ परोस रहे थे शराब

माना में ही एसएसपी जब द बर्न हाउस कैफे में छापे की कार्रवाई करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कैफे में ग्राहकों को शराब तथा हुक्का परोसा जा रहा है। कैफे में ज्यादातर युवाओं की मौजूदगी थी। कैफे का मैनेजर बाहर से दरवाजा बंद कर अंदर चोरी-छिपे ग्राहकों को शराब के साथ हुक्का परोस रहा था।

### मैनेजर के साथ संचालक भी आरोपी

एसएसपी के अनुसार, जिन रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबों में छापे की कार्रवाई की गई है। वहां के मैनेजर के साथ इस बार मालिकों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया गया है। तय समय के बाद शराब परोसने वाले क्लब तथा बार के लायसेंस निरस्त करने आबकारी विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

### आधा दर्जन ढाबा-कैफे पर कार्रवाई

पुलिस ने देर रात ग्राहकों को शराब परोसने के मामले में राजेंद्र नगर, तेलीबांधा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में संचालित पिंटू ढाबा, पाजी द पिंड, सरदार द किचन, द लिविंग रूम कैफे, एरिया-36 रेस्टोरेंट एवं कैफे तथा द बर्न हाउस कैफे पर छापे की कार्रवाई की है। पुलिस ने इन ढाबों तथा कैफे से 32 पौवा देशी शराब, आठ लीटर अंग्रेजी शराब, 13 लीटर बीयर तथा एक किलो तंबाकू, तीन नग हुक्का पाइप एवं तीन नग हुक्का पॉट जब्त किए हैं।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार


ढाबों तथा कैफे में देर रात शराब परोसने के आरोप में एरिया-36 रेस्टॉरेंट कैफे से कामता कश्यप, द बर्न हाउस रेस्टोरेंट कैफे से सूरज जाटवर, द लिविंग रूम कैफे से संचालक राहुल धुप्पड़, बबलू ढाबा में पार्किंग में शराब पिलाने के आरोप में अमनदीप, पिंटू ढाबा से जतेंद्र सिंह, अभिषेक अग्रवाल तथा पाजी द पिंड ढाबा के संचालक मंजीत सिंह तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में होटल सरदार द किचन के पास विवाद करने के आरोप में आकाश ध्रुव, प्रफुल्ल भोयर, अनिल खुंटे, मुकेश दास तथा पी. शिवा राव के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### पुलिस के टार्गेट पर फार्म हाउस

पिछले कुछ समय से राजधानी में सिंथेटिक नशे (हेरोइन, चरस, एमडीएमए) का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। सिंथेटिक नशे का उपयोग क्लब, होटल के बजाय फार्म हाउस में किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। एसएसपी के अनुसार, कई संदिग्ध फार्म हाउस के बारे में पता चला है। पुलिस टीम शहर के आउटर में संचालित फार्म हाउसेस पर जल्द ही छापामार कार्रवाई करेगी।

## डिवाइडर तोड़ ट्रक ने कार को मारी टक्कर, रिटायर्ड डॉक्टर और ड्राइवर की दर्दनाक मौत





- घटना धरसींवा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात 2 बजे की
- आरोपी ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार दरमियानी रात तेज रफ्तार ट्रक ने डिवाइडर तोड़ते हुए बिलासपुर से रायपुर की तरफ आ रही एक कार को जोरदार ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक की टक्कर से कार सवार 75 वर्षीय रिटायर्ड डॉक्टर तथा कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक, ट्रक की ठोकर लगने से डीडीनगर निवासी डॉ. प्रेम सिंह धुर्वे तथा कार चालक टिकेश सिदार की मौत हो गई। डॉ. धुर्वे डीएसबी में पदस्थ टीआई सत्येंद्र सिंह के ससुर थे। वे बिलासपुर से लौट रहे थे। इस दौरान रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रहे ट्रक सीजी-04, एनएक्स-4333 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए तरपोंगी के पास डिवाइडर तोड़ते हुए कार को सामने से ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि कार का सामने का हिस्सा ट्रक के अंदर घुस गया।

### दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाले गए शव

एक्सीडेंट के बाद दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस मृतकों को ग्रामीणों तथा जेसीबी की मदद से बाहर निकाल पाई। ट्रक चालक को झपकी आने की वजह से पुलिस ने एक्सीडेंट होने का अंदेशा व्यक्त किया है। फरार ट्रक चालक की पतासाजी करने की बात पुलिस कह रही है।

## जाति के आधार पर भेदभाव रविवि में आधी रात छात्रों का अर्धनग्न प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के छात्रावास में विद्यार्थियों संग जातिगत आधार पर भेदभाव किए जाने से लेकर उन्हें प्रताड़ित करने और निजी कार्य कराए जाने तक का मामला सामने आया है। तमाम तरह की शिकायतों के बाद भी जब हालात नहीं सुधरे तो छात्र अंततः आधी रात को अर्धनग्न अवस्था में रविवि कैंपस में प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो गए। इसके हॉस्टल में रहने के बजाय उन्होंने पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे ही पूरी रात बिताई। मामला रविवि के शहीद चंद्रशेखर आजाद छात्रावास का है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

- मामला रविवि के शहीद चंद्रशेखर आजाद छात्रावास का, अधीक्षक पर लगाए गंभीर आरोप
- दलित छात्रों को चिन्हांकित कर प्रताड़ित करने के भी आरोप सौंपे गए पत्र में लगाए गए हैं

### जांच पूरी होने तक कार्य विरक्त

छात्रों की शिकायत मिली है, लेकिन हमने वार्डन को उनके पद से नहीं हटाया है। जांच पूरी होने तक केवल कार्य विरक्त किया है।

- प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल
कुलपति, रविवि

### कुलसचिव के नाम से धमकाने का आरोप

छात्रावास अधीक्षक ने शिकायत पेटी का नाम परिवर्तित कर सुझाव पेटी कर दिया था। जबकि यह नियमविरूद्ध है। छात्रों का कहना है कि कुलसचिव शैलेंद्र पटेल संग निजी संबंधों का हवाला देते हुए वार्डन द्वारा धमकाया जाता था। इसके अलावा पत्र में लिखा गया है कि छात्रावास में विराजित गणेश भगवान की संध्या आरती के उपरांत 9 सितंबर को कुलसचिव द्वारा धमकाया गया। उनके जाने के बाद अधीक्षक द्वारा पॉवर देखे जाने की बात कहकर ताना मारा गया।

### पद से हटाया, लेकिन छात्र असंतुष्ट

कमलेश शुक्ला को पद से हटाए जाने की मांग विद्यार्थियों ने की थी। बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध और स्क्रीनशॉट सहित अन्य तरह के साक्ष्य के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक्शन लेते हुए जांच बैठाई है। लेकिन छात्र इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। छात्रों का कहना है कि बीते तीन माह तक उनका जिस तरह से शारीरिक और मानसिक शोषण हुआ है, उसके आधार पर छात्रावास अधीक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के साथ ही एफआईआर भी होनी चाहिए। छात्र अब पुलिस में शिकायत की मांग पर अड़े हैं।

## चोरी के मामले में महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

- साढ़े 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व सूने मकान से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक महिला आरोपी तथा एक अन्य फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने साढ़े 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में खम्हारडीह निवासी रितेश नेताम तथा देवेंद्र नगर निवासी ज्योति सोनी को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल ज्योति का पति सागर सोनी तथा सागर जोगी फरार है। पुलिस के अनुसार, चोरों ने टेमरी, शारदा विहार निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा के सूने मकान में 24 सितंबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना दिनांक को राजेंद्र अपने परिवार के साथ मूल निवास मध्यप्रदेश गए हुए थे। रितेश पूर्व में भी तेलीबांधा में मारपीट तथा चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

## पांच दिन पहले जांच पूरी, हेल्थ टीम ने तय की जिम्मेदारी, अब कार्यवाही में टालमटोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एमएमआई से स्वाइन फ्लू पीड़ित महिला की हैदराबाद ले जाने के दौरान मौत के मामले में पांच दिन पहले जिम्मेदारी तय हो चुकी है, मगर कार्यवाही अब तक तय नहीं की गई है। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर बनाई गई कमेटी अपनी रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंप चुकी है, इसके बावजूद कार्यवाही पर अब तक फैसला नहीं हो पाया है।

जिला स्तर पर बनाई गई स्वास्थ्य कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में भारती खेमानी के मौत के मामले में एमएमआई, रेड एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस को जिम्मेदार माना था। इस मामले में जांच रिपोर्ट में लापरवाही तय होने के बाद कार्यवाही में टालमटोल के लिए दबाव डाले जाने की चर्चा भी होने लगी है। मामले में अब किसी तरह की चर्चा करने के बजाय अधिकारी टालमटोल करने में लगे हैं, जिसकी वजह से ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि मामला ठंडे बस्ते में डाला जा सकता है। टाटीबंध निवासी मुकेश खेमानी की 49 वर्षीय पत्नी को इलाज के लिए एमएमआई नारायणा हास्पिटल में दाखिल कराया गया था। भारती को दस दिन अस्पताल में रखने के बाद डॉक्टरों ने हैदराबाद ले जाने की सलाह परिवार को दी थी। डॉक्टरों की बात मानकर परिवार ने एयर एबुंलेंस बुक कराई और मरीज को एयर लिफ्ट कराया। अस्पताल से विमान के उड़ान भरने तक तीनों संस्थानों ने लापरवाही बरती, जिसकी वजह से भारती खेमानी की मौत हो गई थी। मामले में हो-हल्ला मचने के बाद कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी ने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### स्वाइन फ्लू पीड़िता की मौत का मामला दबाव की भी चर्चा


एमएमआई कांड की जांच रिपोर्ट सौंपी, रेड एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस के साथ अस्पताल भी जिम्मेदार

### रिपोर्ट नहीं मिली, पुलिस कार्वाई भी अटकी

इस मामले में पुलिस को भी कार्रवाई करनी है। खेमानी परिवार ने मामले की शिकायत टिकरापारा थाने में की थी, जिसके बाद मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से पत्र व्यवहार किया गया था। पुलिस अफसरों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, मगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें रिपोर्ट ही नहीं दी जा रही है।

## नशेड़ियों ने की कार में तोड़फोड़, केस दर्ज




- मामला पुरानी बस्ती थाने का

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक कार मालिक ने अज्ञात नशेड़ियों के खिलाफ कार में तोड़फोड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, लिली चौक निवासी नितेश पंसारी ने कार में तोड़फोड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात घर के बाहर खड़ी उसकी कार सीजी 04 एनवी 4207 के पीछे तरफ की शीशे को अज्ञात नशेड़ियों ने तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** धारदार चाकू के साथ आरोपी ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा गिरफ्तार हो गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उमिया मार्केट भनपुरी में एक बदमाश चाकू लहराते हुए आने-जाने वालों को डरा-धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो एक बदमाश अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा निवासी डेरापारा रावांभाठा थाना खमतराई बताया। आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर केस दर्ज किया गया।

## निधन

### प्रमिला बाई

**रायपुर।** नया हनुमान मंदिर बुढ़ापारा निवासी प्रमिला बाई (80) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 सितंबर सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रकाश वाकड़े एवं सुरेश वाकड़े की बड़ी बहन थीं।



### उषाकिरण शर्मा

**रायपुर।** अमलीडीह मानवी विहार कालोनी निवासी सेवानिवृत्ति लिपिक जिला पंचायत उषाकिरण शर्मा (64) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे लक्ष्मण प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी और अभिषेक शर्मा एवं अंकिता शर्मा की माता थीं।



### राजिंदर कौर मक्कड़

**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी राजिंदर कौर मक्कड़ (74) का 29 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नानक सिंह मक्कड़ की पत्नी और मोहन सिंह, रंजीत सिंह, कुलजीत सिंह एवं सुखप्रीत सिंह मक्कड़ की माता थीं।



### श्रीकांत अग्रवाल

**रायपुर।** आरंग निवासी श्रीकांत अग्रवाल का 29 सितंबर को निधन हो गया। वे प्रहलाद नारायण, कपिल नारायण, अजय अग्रवाल के भाई और लोकेश, रूपेश, ऋषभ के पिता थे।



# राशन दुकान संचालकों का धरना कल, कमीशन बढ़ाने समेत कई मांगें लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 15 हजार शासकीय राशन दुकान संचालक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 अक्टूबर को धरना देंगे। उनकी छह सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दिनों खाद्य संचालक के साथ हुई बैठक में कुछ मांगों पर सचिव से चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही गई थी। अब तक इस संबंध में सूचना न दिए जाने पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर करेंगे। उनके मांगों का समर्थन करते हुए आल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डीलर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर बासु भी प्रदर्शन में शामिल होंगे।

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल से संचालक खाद्य द्वारा उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक चर्चा की गई, पर ठोस निर्णय नहीं होने की वजह से संघ हड़ताल पर जा रहा है। प्रदेश की राशन दुकानों में कई समस्याएं हैं, इनमें प्रदेश की सभी दुकानों को इलेक्ट्रॉनिक मशीन ट्रायल में ई-पॉस मशीन से राशन वितरण के लिए बाध्य किया गया। ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है, इससे दिक्कत होती है। सुधार करने के लिए उचित व्यवस्था व इंस्ट्रूमेंट नहीं हैं। हर महीने सर्वर की समस्या से राशन वितरण प्रभावित होता है। नई सरकार आने के बाद विगत पांच माह से राशन आवंटन में अनियमितता के कारण भंडारण और वितरण व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। भंडारण वितरण में गड़बड़ी के कारण राशन में कमी हो रही है। उनकी मांग है कि राशन का आवंटन भी ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाए और दुकानदारों को 2 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दी जाए। उनकी हड़ताल के कारण राज्य के 72 लाख परिवारों का राशन वितरण प्रभावित होने की संभावना है।

## 15 हजार दुकानों से 72 लाख परिवारों को मिलता है राशन

### कोरोनाकाल में मुफ्त बंटवाया राशन, नहीं लौटाई राशि

कोरोनाकाल में राशन दुकानदारों से कुछ माह डीडी लेकर फ्री में राशन वितरण कराया गया। दुकानदारों की उक्त राशि को अब तक विभाग ने नहीं लौटाया और न ही समायोजन किया है। यह राशि प्रति दुकान 30 हजार रुपए से अधिक है। उक्त राशि लौटाने के संबंध में भी संघ ने विभाग पर दबाव बनाया है।




### कमीशन बढ़ाने की मांग

राशन दुकान संचालकों को अभी भी 20 साल पहले तय की गई कमीशन राशि दी जा रही है। उन्हें प्रति क्विंटल के पीछे 30 रुपए मासिक कमीशन मिलता है। अन्य राज्यों में कमीशन बढ़ाया जा चुका है। दिल्ली में प्रति क्विंटल के पीछे 90 रुपए कमीशन दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि छत्तीसगढ़ में संचालकों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कमीशन की राशि बढ़ाकर 250 रुपए मासिक करने की मांग की है। वहीं सहकारिता समूह के विक्रेताओं को 30 हजार रुपए मासिक मानदेय देने की मांग की है। खाद्य विभाग के अधिकारी कमीशन को लेकर किसी तरह का आश्वासन नहीं दे पा रहे हैं। मामला सरकार के स्तर पर ही रखे जाने के बाद निर्णय हो पाने की बात कह रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक कल्याण संघ का एक दिवसीय धरना

# डीएड-बीएड प्रशिक्षितों का धरना कंप्यूटर ऑपरेटरों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

## मंत्रालय घेरने आज महारैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर रविवार को 4 संगठनों ने अपने लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ डीएड-बीएड प्रशिक्षित संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के प्रशिक्षित अभ्यर्थी अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। वहीं छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने शासन को जगाने धरनास्थल पर सद्बुद्धि यज्ञ किया, जिसमें प्रदेशभर से कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हुए। छत्तीसगढ़ शिक्षक कल्याण संघ ने 1998 से संविलियन हुए 5 हजार शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन देने की मांग को लेकर हुंकार भरी। दिवंगत पंचायत अनुकंपा संघ एक सूत्रीय अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर धरने पर रहा।

- धरना-प्रदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी डटे हुए



प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करने की मांग और युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग को लेकर धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष दाऊद खान ने कहा कि सरकार जब तक इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी आंदोलन जारी रखेंगे। धरना-प्रदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी डटे हुए हैं। साथ ही प्रदर्शनकारियों द्वारा क्रमिक आमरण अनशन जारी है। रविवार को कांकेर के धर्मेंद्र सोनवानी, मुंगेली के विश्राम साहू, रायपुर के सुनील प्रकाश आमरण अनशन पर बैठे। विदित हो शनिवार की शाम आमरण अनशन पर बैठे मुंगेली के युवा की धरनास्थल पर तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें अभनपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अफसरों-मंत्रियों को जगाने किया सद्बुद्धि यज्ञ

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रांतीय आव्हान पर डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने धरनास्थल पर शासन के अधिकारियों व मंत्रियों को जगाने सद्बुद्धि यज्ञ किया। दो सूत्रीय मांग को लेकर धरना दे रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों का कहना है कि उनका विभाग तय किया जाए। साथ ही शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 फीसदी वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, संयोजक विद्या यादव, संरक्षक नरेश साहू, सचिव मोहन डहरिया ने बताया कि सद्बुद्धि यज्ञ में प्रत्येक जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। सोमवार को प्रदेशभर के डाटा एंट्री ऑपरेटर मंत्रालय घेरने महारैली निकालेंगे।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ व्यापारियों का देशव्यापी अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से दिल्ली में 2 दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर निर्णय लेकर कैट के नेतृत्व में अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ सीसीआई रिपोर्ट के मद्देनजर देशव्यापी अभियान चलाने की शुरुआत की गई।

- 2 दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन के समापन अवसर पर निर्णय

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट, जो अमेजन और फ्लिपकार्ट की गंभीर प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को उजागर करती है, उसे ध्यान में रखते हुए देशभर के व्यापारी कैट के नेतृत्व में इन कंपनियों के खिलाफ तुरंत कारवाई करने की मांग के लिए एक बड़े देशव्यापी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह निर्णय रविवार को नई दिल्ली में कैट द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार शिखर सम्मेलन के समापन पर लिया गया।

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कैट सलाहकार स्मृति ईरानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में छोटे व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, छोटे व्यापारी वर्तमान में भारतीय खुदरा बाजार का 90 फीसदी हिस्सा बनाते हैं और देश के निर्यात में 45 फीसदी का योगदान करते हैं। इसलिए निर्यात को बढ़ावा देने और व्यापारियों के लिए व्यापार करने में आसानी को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# महाराष्ट्र मंडल ने सफाई अभियान चलाने दिलाई शपथ, मराठी मेला 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र मंडल में 19 और 20 अक्टूबर को मराठी सोहला (मराठी मेला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दीपावली के अवसर पर इस मेले में विभिन्न सेगमेंट के बहुपयोगी स्टाल आकर्षण का केंद्र होंगे। रविवार की शाम मंडल भवन में आयोजित बैठक में मराठी सोहला में होने वाले विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सभी कार्यकारिणी सदस्यों, पदाधिकारियों, केंद्रों की संयोजिकाओं-सह संयोजिकाओं को स्वच्छता की शपथ मालती मिश्रा ने दिलाई। साथ ही सभी ने गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अनुपम गार्डन में सफाई अभियान चलाने पर सहमति जताई। मराठी सोहला के प्रभारी सचिव चेतन गोविंद दंडवते और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि दो दिवसीय मराठी सोहला में लगभग 20 घंटे के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। इसमें दो बेहतरीन नाटकों के अलावा हर आयु वर्ग के लिए दिलचस्प प्रतियोगिताएं होंगी। स्पर्धा के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार के साथ प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। चेतन दंडवते के मुताबिक, पहली बार मराठी सोहला में आकाशदीप बनाने की प्रतियोगिता होगी। इससे पहले इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आकाश दीया बनाने का प्रशिक्षण शिविर अजय पोतदार और शेखर क्षीरसागर आयोजित करेंगे।



### होंगी अनेक प्रतियोगिताएं

विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि मराठी सोहला में वन मिनट गेम्स, रामायण के किसी एक प्रसंग पर प्रश्नोत्तरी, एकल- युगल व समूह नृत्य एवं गायन स्पर्धा, फैंसी ड्रेस स्पर्धा, एकल अभिनय, कुर्सी दौड़ स्पर्धा, योग प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता जैसे अनेक आयोजन महाराष्ट्र मंडल की विभिन्न समिति की ओर से किए जाएंगे। इसके लिए सभी समितियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के मौके पर उनके जीवन के महत्वपूर्ण पांच प्रसंगों पर विस्तार से चर्चा की। इसी तरह सोमनाथ मंदिर, बनारस के बाबा विश्वनाथ मंदिर सहित हजारों ऐसे मंदिर हैं, जिन्हें मुगल आक्रांताओं ने तहस-नहस कर दिया था, उन्हें रानी अहिल्या बाई ने पुनरुद्धार कर नया बनवाया और श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू कराई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने गणेशोत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रमों की जबर्दस्त सफलता के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार माना।

# सितार-वायलिन के लिए शिक्षक नहीं मिलने से कोर्स बंद, मानदेय शिक्षक बचा रहे विधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के युवाओं को संगीत की तालीम देने के लिए दो महाविद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें शिक्षकों के खाली पदों को भरने की कवायद 19 साल से बंद है। इससे दोनों कॉलेजों में संगीत सिखाने वाले शिक्षकों की कमी भी देखने को मिल रही है। प्रबंधन गायन, वादन और नृत्य की विधा बचाने के लिए मानदेय पर शिक्षकों को रखकर संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। श्रीराम संगीत महाविद्यालय में तो सितार और वायलिन का कोर्स भी 10 साल से बंद है।

- राजधानी के दो संगीत महाविद्यालयों में नियमित शिक्षकों का टोटा, विद्यार्थी हुए कम

युवाओं को संगीत की अलग-अलग विधा में तराशने वाले शिक्षकों की कमी अरसे से रोड़ा बनी हुई है। जानकारी देने के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा संगीत महाविद्यालयों को नियमित शिक्षक नहीं मिलने से कोर्स बंद करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए अब संगीत की तालीम लेने के लिए युवा एडमिशन भी कम ले रहे हैं। जहां 1500 विद्यार्थी संगीत सीखने के लिए एडमिशन लेते थे, वहीं आधे विद्यार्थी महाविद्यालयों में बचे हैं। इससे संगीत में रुचि लेने वाले युवाओं को करियर बनाने के लिए स्कोप भी कम मिल रहा है। इसी तरह की स्थिति श्रीराम संगीत महाविद्यालय में भी है। यहां तो सितार व वायलिन वादन सिखाने के लिए शिक्षक ही नहीं बचे हैं। इन दोनों ही विधा से जुड़े शिक्षक नहीं मिलने से 10 साल पहले कोर्स बंद कर दिया गया, जो अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।




### श्रीराम कॉलेज में 224 विद्यार्थी ही बचे

बूढ़ापारा में संचालित श्रीराम संगीत महाविद्यालय का इससे भी बुरा हाल है। यहां कमाई का कोई दूसरा जरिया नहीं होने से कॉलेज प्रबंधन मानदेय देकर शिक्षक रखने में सक्षम नहीं है। इस कॉलेज में दो शिक्षक ही नियमित हैं, जबकि 4 लोगों को मानदेय के तहत रखा है। इनके प्रयास से गायन, वादन व नृत्य की विधा में पारंगत करने की पहल जारी है। विद्यार्थी पहले जहां 5 सौ से ज्यादा होते थे, वहीं अब 224 ही बचे हैं। इनमें सितार व वायलिन वादन की तालीम लेने वाले 60 विद्यार्थियों का कोर्स ही शिक्षक की कमी से बंद है।

### शासन सिर्फ जानकारी मांग रहा

शासन द्वारा हर साल कॉलेज में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी जाती है, लेकिन अभी तक नियुक्ति की प्रक्रिया नहीं की गई है। इस वजह से मानदेय पर रखे गए शिक्षकों के भरोसे डिग्री व डिप्लोमा कोर्स पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

*- **विद्यानाथ सिंह,** प्रभारी प्राचार्य, कमलादेवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर*

### दो विधाओं की तालीम 10 साल से बंद

आय सीमित होने से ज्यादा मानदेय देने की स्थिति में नहीं हैं। इसे देखते हुए अब नई सरकार से मिलकर संविदा शिक्षकों की मांग करूंगी। सितार व वायलिन को 10 साल पहले ही शिक्षकों की कमी से बंद किया, दोबारा शुरु करने प्रयास किया जाएगा।

*- **डॉ. राजश्री नामदेव,** प्रभारी प्राचार्य, श्रीराम संगीत महाविद्यालय, रायपुर*

## पेज 09 के शेष ...

### इंटरनेट पर बीमारी...

लोगों ने इसका सेवन किया। चिकित्सकों का कहना है कि किसी तरह की शारीरिक समस्या होने पर इंटरनेट पर लक्षण आधार पर बीमारी का पता लगाने और उसकी दवा खोजने का चस्का लोगों को काफी बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार इलाज के लिए आने वाले मरीज गूगल पर लक्षण के आधार पर बीमारी तय कर उसकी दवा पर तर्क करने से भी पीछे नहीं हटते। इंटरनेट का उपयोग बढ़ा है और कई लोग इसे ही डॉक्टर मानकर उसमें लक्षण के आधार पर बताए जाने वाली दवा का उपयोग शुरू कर देते हैं। सामान्य बीमारियों के इलाज में यह कई बार मददगार होता है, मगर कई बार गंभीर समस्याओं में इसके दुष्परिणाम भी मरीजों को भुगतने पड़ जाते हैं। लक्षण के आधार पर दवा खोजने के इस लत को इडियट सिंड्रोम कहा जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामले जब बढ़े तो तो इडियट सिंड्रोम के मामले भी सामने आते रहे हैं। लोगों ने होने वाली शारीरिक समस्या के आधार पर इसे सर्च किया अथवा स्वयं शिकायत को मौसमी मानकर दवा खरीदकर खाते रहे। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर जब वे अस्पताल पहुंचे और जांच में स्वाइन फ्लू का पता लगा और उन्हें ठीक होने तक काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### पांच दिन पहले...

विभिन्न बिंदुओं पर अपनी जांच पूरी की और रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंप दी, जिसके बाद अब मामला ठंडा पड़ता नजर आ रहा है।

### जाति के आधार...

श्री शुक्ला बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में सहायक प्राध्यापक भी हैं। उन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही छात्रावास अधीक्षक का प्रभाव दिया गया था। शहीद चंद्रशेखर आजाद छात्रावास के अलावा शोध छात्रावास का प्रभार भी उनके पास है। आजाद हॉस्टल में 41 जबकि रिसर्च हॉस्टल में 12 शोध छात्र रहते हैं। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि छात्रावास में निवासरत छात्रों के निजता का हनन करके छात्रों के व्यक्तिगत जीवन में हस्तक्षेप भी उनके द्वारा किया जाता रहा है। दलित छात्रों को चिन्हांकित कर प्रताड़ित करने के भी आरोप भी कुलपति को सौंपे गए पत्र में लगाए गए हैं।

# पॉश इलाके में चोरों का धावा, दो घरों से उड़ाए 30 लाख के जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को जिन दो घरों में चोरी की घटना सामने आई थी, उन घरों से चोरों ने 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा ज्वेलरी चोरी की है। इनमें एक बीमा अधिकारी का घर है तथा दूसरा एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने हनुमान प्रदास दुबे तथा सुरेश बिजलानी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हनुमान बीमा सलाहकार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वे काम पर चले गए थे। शाम को घर में काम करने वाली बाई ने कॉल कर हनुमान को बताया कि उनका तथा पड़ोसी सुरेश के घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमान ने घर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे नकदी एक लाख 82 हजार रुपए चोरी कर ले गया है।


राजेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पांच घरों के ताले टूटे

### चोरी की सूचना मिली तो फ्लाइट से पहुंचा पड़ोसी

हनुमान ने अपने पड़ोसी सुरेश को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद सुरेश शनिवार सुबह मुंबई से फ्लाइट का सफर कर रायपुर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद सुरेश ने देखा कि घर की आलमारी खुली हुई है। अज्ञात चोर आलमारी के लॉकर में रखे डायमंड नेकलेस, डायमंड रिंग, सोने के जेवर और नकदी उड़ा ले गया है। सुरेश ने डायमंड के जेवर 35 वर्ष पूर्व खरीदे थे।

# ट्रेडिंग का झांसा देकर रेलवे के जेई से ठगे पौने सात लाख

**रायपुर।** मुजगहन थाने में रेलवे के जेई ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में मुनाफा मिलने का झांसा देकर पौने सात लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, भुनेश्वर साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने वाट्स एप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।







राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी बात, नान ट्रेड सीमेंट के दाम नहीं लिए पूरी तरह वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को अब तक पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन के साथ बैठक के बाद कंपनियों ने दूसरे दिन दाम 15 रुपए ही घटाए। इसके बाद बची 20 रुपए ज्यादा कीमत को अब तक कम नहीं किया गया है।

कंपनियां कीमत कम नहीं करना चाहतीं, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट घटाना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत एक बार फिर से 1 अक्टूबर से बढ़ाने की तैयारी है। इसकी कीमत भले 50 रुपए कम कर दी गई है, लेकिन बिलिंग में कीमत कम नहीं की गई। डीलरों को स्कीम के माध्यम से कीमत करके दी जा रही है, लेकिन अब स्कीमों को अक्टूबर माह से एक के बाद एक बंद करने की तैयारी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन का कहना है, कंपनियों से बात की जाएगी, पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम रही हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा किया जाता है। इस बार भी 3 सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की गई। इसके बाद 10 दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए तथा उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- कंपनियों से करेंगे बात

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में बैठक के दूसरे दिन कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।



### कंपनियों से पूछेंगे- पूरी कीमत कम क्यों नहीं की

कंपनियों से साथ बैठक में बढ़ाई गई पूरी कीमत कम करने की बात हुई है। कंपनियों ने अगर पूरी कीमत कम नहीं की है तो उनसे पूछा जाएगा कि पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

**- लखन लाल देवांगन**
उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नरैया तालाब गार्डन की सफाई, किया श्रमदान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 और बंच ऑफ फूल्स, यंग इंडिया के स्वयंसेवकों ने मिलकर नरैया तालाब गार्डन की सफाई करने अभियान चलाया। इस दौरान गार्डन की सफाई कर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में जोन-6 अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध 2 को

**रायपुर।** सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया है। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें अपने पितरों की तिथि याद नहीं है और वे पितृ तर्पण करना चाहते हैं। सामूहिक श्राद्ध के कार्यक्रम का समय सुबह 9.30 बजे से रखा गया है, जिसमें सामूहिक श्राद्ध, पितृ तर्पण किया जाएगा।

### गुपचुप दुकान में गंदगी, 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-3 अमले ने शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के साईं गुपचुप दुकान की सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया। इस दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर दुकान संचालक पर 7 हजार रुपए जुर्माना किया। दुकान में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर जसदेव बांबरा और नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह कार्यवाही की।

### वृद्धाश्रम कोटा में बुजुर्गों को बांटे कपड़े



**रायपुर।** पितृपक्ष के अवसर पर बढ़ते कदम के वृद्धाश्रम कोटा में वृद्धजन एवं माता-पिता, जो आश्रम में निवास करते हैं, उनके लिए वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही अनुज सोनी द्वारा फल बांटे गए। सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वचन लिया और उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना। यह कार्यक्रम स्व. जगरखन सिंह राजपूत के पितृ श्राद्ध के अवसर पर उनके पुत्र नरेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम के मंडल अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, समाज के प्रमुख रामावतार सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह राजपूत, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, छन्नी राजपूत, उषा साहू एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

## पंडाल में ही गुजर रहा दिन, बिछौना भी वहीं, राशन-पानी और चूल्हा लेकर आए प्रदर्शनकारी

# शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न पानी की सुविधा न शौचालय, हक की आवाज बुलंद करने वाले परेशान

**प्रतीक्षालय में न लाइट, न पंखा, बिना दरवाजे का टायलेट, वॉश बेसिन टूटा-फूटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अपने हक की आवाज बुलंद करना कोई गुनाह नहीं है, पर शासन-प्रशासन और नगर निगम इस बात से इत्तेफाक नहीं रखता। तभी तो शहर से 17 किलोमीटर दूर नवा रायपुर के तूता गांव में ऐसी जगह पर धरनास्थल बनाया गया है, जहां प्यास लगे तो पीने को साफ पानी नहीं, टायलेट जाना हो तो ढंग का शौचालय नहीं।

विश्राम के लिए प्रतीक्षालय तो है, पर वहां न लाइट है न पंखा। बिना दरवाजे का टायलेट और बिना नल का वॉश बेसिन, यह अजब नजारा तूता के धरनास्थल पर नजर आता है। हरिभूमि ने भुक्तभोगियों से बातचीत की तो उनकी पीड़ा इस तरह छलक उठी।

### सांप-बिच्छू के बीच धरना : गीता

पति की असमय मौत के बाद रोजी-रोटी की चिंता से जूझ रही दिवंगत पंचायत शिक्षक की बेवा गीता जुर्री ने बताया कि 18 दिनों से गांव कसवाही कांकेर से तूता आकर धरने पर बैठी हैं। 2017 में पति की अचानक मौत हो गई, वे गांव में पंचायत शिक्षक थे। छोटा बच्चा स्कूल में पढ़ रहा है। परिवार का गुजर-बसर मुश्किल हो गया है, इसलिए अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर यहां धरना पर बैठी हैं। धरनास्थल पर सांप-बिच्छू के बीच रात गुजारने में डर लगता है, पर जिसका सहारा छिन गया हो, वे क्या करें?





### 8 साल से अनुंकपा के लिए भटक रही : हेतरानी



गांव पिसदा बालोद की हेतरानी पिसदा के पति कवर्धा में पंचायत शिक्षक थे। साल 2016 में नौकरी में रहते हुए दिवंगत हो गए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए वे पिछले 8 साल से भटक रही हैं। 19 दिन हो गए पंडाल में रहते, यही सबके लिए खाना बनता है। रात को यहीं पर सो जाते हैं। हेतरानी ने बताया कि यहां उनकी ही तरह कांकेर, राजनांदगांव, बालोद जिले से महिलाएं और उनके परिजन आए हुए हैं, जो रात को धरनास्थल पर ही रहते हैं। पेट भरने घर से राशन-पानी लेकर आए हैं। पंडाल में गैस चूल्हे पर खाना बनता है।

### यहां का टायलेट टूटा-फूटा है, नहाने की जगह नहीं, इसलिए तालाब जाते हैं

गांव कुसमकसा बालोद की रेखा नायक ने बताया कि उनकी साथी महिलाएं रोज सुबह होने से पहले ही उठ जाती हैं, क्योंकि धरनास्थल का टायलेट बेहद गंदा और टूटा-फूटा है। टायलेट के एंट्री पाइंट में दरवाजा ही नहीं है, इसलिए वे गांव के पास के तालाब जाती हैं। यहां प्रसाधन की सुविधा रहती तो ऐसी नौबत नहीं आती। शर्म की बात है कि प्रदेश की राजधानी का धरनास्थल मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

## डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने ये कहा

### रोज आना-जाना



धमतरी की सुनंदिनी साहू का कहना है, रोज आना-जाना करती हूं, क्योंकि यहां पर रुकने के लिए व्यवस्था नहीं है। शाम ढलने के बाद यहां रहने में डर लगता है। वेटिंग रूम बना है, पर वहां दरवाजा तक नहीं है।

### बाहर वाले आखिर क्या करें ?



दुर्ग की शिखा चौहान का कहना है, स्थानीय लोग तो प्रदर्शन के लिए यहां आ सकते हैं, पर जो शहर से बाहर रहते हैं, उनके लिए इतनी दूर धरनास्थल पर आना बहुत मुश्किल होता है, आखिर क्या सोचकर यहां पर धरनास्थल बनाया?

### बहुत दिक्कत है यहां



बिलासपुर से आई मधु यादव ने बताया कि वे रोज बिलासपुर से धरनास्थल आना-जाना करती हैं, क्योंकि यहां वॉशरूम बहुत गंदा है, कभी सफाई ही नहीं होती, धरनास्थल वाली जगह असुरक्षित है। तकलीफ ज्यादा है, पर अपने हक के लिए यहां आती हैं।

# चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति सजग रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर विधानसभा अंतर्गत गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें सरकार ने तय किया है कि हम सभी मिलकर शहर, अपने गांव, गली-मोहल्लों को स्वच्छ बनाएंगे, जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाना है, इस दिशा में हम सबको कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ दिलाई।

- केंद्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक ने भी हाथों में झाडू लेकर की साफ-सफाई



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जोन 3 के अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, भाजपा प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े, मंडल अध्यक्ष अनूप केलकर, गोरेलाल नायक, सुनील कुकरेजा, संतोष साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री सुधीर चौबे, हरीश सिंह, गुणनिधि मिश्रा, राधेश्याम बाघ, अनीता महानंद, मीना सेन, विकास गुप्ता, भरत कुंडे, गोकुल थानापति, जितेंद्र साहू सहित भाजपा एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हों

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी हाथों में झाड़ू लेकर साफ-सफाई की।

## गोमाता को सड़क दुर्घटना से बचाने पहनाई रेडियम की माला



**रायपुर।** गोमाता को सड़क एक्सीडेंट से बचने के लिए दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा सरोना से डीडीनगर तक रविवार को 50 गोमाता को रेडियम की माला पहनाया गई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के रिंगरोड पर हमेशा अंधेरा होने के कारण गोमाता के एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। 112 या अन्य नागरिकों से सूचना मिलती थी, जिसे बचने के लिए रेडियम की माला पहनाई है। इस गोसेवा कार्य को देखते हुए भागवताचार्य पं. अनिकेत कृष्णा शास्त्री ब्रिज बिहारी महाराज ने भी साथ मिलकर गोमाता को रेडियम की माला पहनाई। इस कार्य में संस्था प्रमुख अमित पांडे, रुस्तम पाटिल, संदीप शर्मा, करण सूना, प्रमोद, अजय रजक एवं कुशल सेन उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार दिखाए जाएंगे सेना के हथियार और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इंडियन आर्मी के टैंक और हेलीकॉप्टर से कमांडोज जंप लगाते हुए दिखाई देंगे। युद्ध क्षेत्र में सेना कैसे अपना ऑपरेशन करती है, इसका डेमो दिया जाएगा।

सेना के आधुनिक हथियार की जानकारी दी जाएगी। इसका आयोजन जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी के सहयोग से 5-6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय सेना के जवानों की टीम रविवार की सुबह रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर तथा जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। सशस्त्र सैन्य समारोह में भारतीय सेना के बारे में युवाओं को आम नागरिकों को जानने का मौका मिलेगा।

### जवानों का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत



### सेना के हथियार और उपकरण दिखाए जाएंगे

यह छत्तीसगढ़ में होने वाला अनोखा आयोजन है। इसमें आम जनता को सेना के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। इनमें की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स और एयर डिफेन्स गन्स दिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन 5 अक्टूबर की शाम सेना के बैंड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जबलपुर और वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स शामिल होंगे।

- 5 व 06 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा सशस्त्र सैन्य समारोह

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच भी

- नवरात्रि पर्व को लेकर रेलवे ने डोंगरगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का बढ़ाया स्टॉपेज
- 10 दिनों तक दुर्ग-गोंदिया ट्रेन रायपुर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है, वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।

### डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



***इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन***

*दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।*

***रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर :*** *2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



मैं अयोध्या हूं...

## कैंपस लाइव

## इंजीनियरिंग और प्रबंधन छात्र अब पढ़ेंगे जलवायु परिवर्तन

**रायपुर।** जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच युवाओं को पर्यावरण से जोड़ने की एक और अहम पहल शुरू की गई है। जिसमें स्नातक की पढ़ाई करने वाले प्रत्येक छात्र, भले ही वह इंजीनियरिंग या प्रबंधन की पढ़ाई करने वाला छात्र क्यों न हो, सभी को अब अनिवार्य रूप से पर्यावरण की शिक्षा दी जाएगी। जिसमें उन्हें पर्यावरण से जुड़े खतरों के प्रति सचेत करने के साथ पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने की शिक्षा दी जाएगी। इस पढ़ाई को करने पर उन्हें चार अतिरिक्त क्रेडिट अंक भी मिलेंगे, जो पढ़ाई के बाद मिलने वाली अंक सूची या फिर डिग्री में दर्ज रहेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों को पत्र लिखकर स्नातक स्तर पर पढ़ने वाली सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से पर्यावरण शिक्षा देने के निर्देश दिए हैं।



### 160 घंटे करने होगी पर्यावरण से जुड़ी पढ़ाई

आयोग ने इसके साथ ही स्नातक स्तर के लिए तैयार की गई पर्यावरण शिक्षा का पाठ्यक्रम भी जारी किया है। जिसमें मानव व पर्यावरण के बीच तालमेल के साथ पर्यावरण से जुडे स्थानीय मुद्दे, प्रदूषण और उसके खतरे, उससे जुड़े कानून जैसी विषयवस्तु को रखा गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी छात्रों को अनिवार्य रूप में पर्यावरण से जुड़ी शिक्षा देने की पहल के बाद आयोग ने यह पाठ्यक्रम तैयार किया था। इसके तहत तैयार किए गए क्रेडिट फ्रेमवर्क में एक क्रेडिट अंक के लिए कम से कम छात्रों को 30 घंटे की पढ़ाई करनी होगी। ऐसे में चार क्रेडिट अंक के लिए छात्रों को अपनी कोर्स की अवधि के दौरान कम से कम 160 घंटे पर्यावरण से जुड़ी पढ़ाई भी करनी होगी। इनमें प्रैक्टिकल भी शामिल है।

## जॉब अलर्ट

## एयर फोर्स एडमिशन टेस्ट के नतीजे जारी, अब साक्षात्कार

**रायपुर।** भारतीय वायु सेना ने एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट-2 के नतीजे जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। जिन उम्मीदवारों ने वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट दिया था, उन्हें परिणाम देखने आवश्यक जानकारी अपलोड करनी होगी। गौरतलब है कि भारतीय वायु सेना ने 24 जुलाई को एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए थे। भारतीय वायुसेना द्वारा एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट-2 परीक्षा 9, 10 और 11 अगस्त को दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई थी। जिन अभ्यर्थियों ने ग्राउंड ड्यूटी (गैर-तकनीकी और तकनीकी) और फ्लाइंग शाखाओं में राजपत्रित अधिकारी के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे एएफएसबी साक्षात्कार दौर में आगे बढ़ेंगे।



### आरआरबी क्लर्क मेंस एग्जाम 6 को

आईबीपीएस ऑफिस असिस्टेंट प्रीलिम एग्जाम रिजल्ट का इंतजार खत्म हो गया है। इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन की ओर से आज आईबीपीएस क्लर्क का रिजल्ट जारी किया गया है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट आईबीपीएस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। स्कोरकार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को मांगी गई जानकारी देनी होगी। आरआरबी क्लर्क मेंस एग्जाम 6 अक्टूबर को प्रस्तावित है। इस भर्ती के माध्यम से 9,923 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। आईबीपीएस आरआरबी प्रीलिम स्कोरकार्ड आज यानी 27 सितंबर से 4 अक्टूबर तक डाउनलोड किया जा सकता है।

## एडमिशन अपडेट

## आईआईटी रुड़की ने बढ़ाई तिथि गेट के लिए आवेदन अब 3 तक

**रायपुर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की की ओर से अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता परीक्षा यानी कि गेट 2025 के लिए बिना लेट फीस रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट को एक्सटेंड कर दिया गया है। पहले बिना विलंब शुल्क के स्टूडेंट्स 26 सितंबर तक आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब वे 3 अक्टूबर तक पंजीकरण कर सकते हैं। 4 से 7 अक्टूबर तक आवेदन करने पर छात्रों को लेट फीस का भुगतान करना होगा। गेट 2025 एप्लीकेशन फॉर्म ऑफिशियल वेबसाइट **gate.iitr.ac.in** पर उपलब्ध है, जिसे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरा जा सकता है। जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 1800 रुपए जमा करने होंगे। एससी, एसटी, पीएच एवं महिला उम्मीदवारों के लिए शुल्क 900 रुपए शुल्क तय किया गया है। लेट फीस के साथ आवेदन करने पर 500 रुपए अतिरिक्त जमा करने होंगे।





### इग्नू में आवेदन का आज अंतिम दिन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा आज इग्नू जुलाई प्रवेश 2024 पंजीकरण प्रक्रिया को बंद कर दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों को इग्नू जुलाई प्रवेश 2024 के लिए पंजीकरण करना है, वे सभी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने से पहले मांगे गए विवरण स्कैन करके रखने होंगे। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत ईमेल आईडी से ईमेल भेजकर अपना प्रवेश रद्द करने का अनुरोध कर सकते हैं। हालांकि, किसी भी गैर-पंजीकृत ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पुरोहितों के अनुसार ज्योति कलश के लिए मिट्टी और तांबे दोनों के ही पात्र शुद्ध

# मंदिरों में तांबे और मिट्टी दोनों के ज्योति कलश, लेकिन प्रधान जोत मृदा की ही, भक्त घी के बजाय तेल को दे रहे प्राथमिकता

नवरात्रि का पर्व 3 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश को लेकर इन दिनों रोजाना 500 से अधिक बुकिंग शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में हो रही है। महामाया मंदिर में ऑनलाइन माध्यम से अभी तक 30 से अधिक लोगों ने विदेशों से भी बुकिंग करवाई है। इस बार शहर में 50 हजार से अधिक ज्योति से देवी मंदिरों में माता का दरबार जगमगाएगा। देवी मंदिरों में आज भी शास्त्रों व प्राचीन मान्यताओं के अनुसार मिट्टी और तांबे का उपयोग ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए किया जा रहा है। इसके लेकर हरिभूमि ने मंदिरों के पुरोहित बातचीत की।

**रायपुर।** महामाया मंदिर में सर्वाधिक 10 हजार भक्तों की ज्योति जलती है। यहां बीते कुछ वर्षों से तांबे के पात्र का उपयोग किया जा रहा है। पुरोहितों के अनुसार देवी मंदिरों में मिट्टी और तांबे के पात्र को शुद्ध माना गया है। मिट्टी के पात्र में ही प्राचीन समय से ज्योति कलश को प्रज्वलित किया जाता है। ज्योतिषीय दृष्टिकोण के अनुसार तांबा सूर्य ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। श्वेत बाती और श्वेत घी चंद्रमा का प्रतीक होता है। दोनों मिलकर जब जलते हैं तो यह मंगल का प्रतीक होता है।

### पूरी तरह से विसर्जित की जाती है ज्योति, इसिलए मिट्टी जरूरी

महामाया मंदिर को छोड़कर अन्य देवी मंदिरों में शुरू से ही मिट्टी का कलश उपयोग किया जा रहा है। पुरोहितों के बीच मिट्टी और तांबे के उपयोग को लेकर अलग-अलग तर्क है। जहां मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है, उनका कहना है कि मिट्टी का कलश इसलिए उपयोग करते हैं, क्योंकि यह शुद्ध होता है। ज्योति को पूरी तरह से विसर्जन करना होता है, इसलिए मिट्टी का उपयोग जरूरी होता है। मिट्टी के पात्र में ज्योति कलश प्रज्वलित होने के बाद इन्हें विसर्जित कर दिया जाता है। इसके साथ ही तांबे के इस्तेमाल को लेकर कहना है कि तांबे के पात्र को अच्छी तरह से साफ-सफाई करके सालों तक दीप प्रज्वलित किया जा सकता है। तांबे के पात्र को कई सालों तक उपयोग करने के बाद भी उसकी शुद्धता वैसे की वैसी ही बनी रहती है।



### मिट्टी के पात्र तांबे और कांसे से अधिक शुद्ध

आकाशवाणी स्थित कालीमाता मंदिर के डीके दुबे ने बताया कि मिट्टी के बने पात्र तांबे या कांसे से बने पात्र से शुद्ध माने जाते हैं। मंदिर में शुरूआत से ही मिट्टी का पात्र उपयोग किया जा रहा है। शास्त्रों और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार भी मिट्टी को प्राथमिकता दी गई है। अभी तक 3100 ज्योत कलश की बुकिंग हो चुकी है। श्रद्धालु अपने घरों में ज्योति कलश की स्थापना नहीं कर पाते। इसलिए भक्त नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में अपनी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराते हैं। भक्तों की संख्या बढ़ रही है।

### मिलावट के कारण तेल का इस्तेमाल

रविवि परिसर स्थित बंजारी माता मंदिर में भी शुरुआत से मिट्टी के कलश का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंदिर पुजारी रवि तिवारी ने बताया कि मिट्टी का कलश पूरी तरह से पवित्र होता है। तांबे के कलश की तरह विसर्जन के बाद भी इसका इस्तेमाल दूसरी बार नहीं किया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में इस बार तेल से मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। घी में मिलावट के कारण तीन सालों से तेल का उपयोग किया जा रहा है। पूरी तरह से शुद्ध तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं।



### भक्तों की मांग है तेल की ज्योति

रावाभाटा स्थित बंजारी धाम मंदिर में वर्षों से मिट्टी के कलश उपयोग किया जा रहा है। मंदिर पुजारी हरीश जोशी ने बताया कि कलश मिट्टी का होता है, लेकिन उसके ऊपर तांबे का पात्र रखते हैं। ताकि विसर्जन के दौरान पकड़ने में कोई दिक्कत न हो। इस बार घी की जगह तेल के ज्योति कलश उपयोग होगा। भक्तों की मांग है कि घी में मिलावट हो रही है, इसलिए तेल से ही ज्योति जलनी चाहिए। महामाया मंदिर, कालीबाड़ी, दंतेश्वरी मंदिर में भी तेल के जरिए ज्योति कलश स्थापित होंगे।






### कच्ची सामग्री की कमी के चलते तांबे का इस्तेमाल

*मिट्टी और तांबे के बर्तन में ज्योति कलश प्रज्वलित करने को लेकर महामाया मंदिर के पुजारी बताते हैं कि वर्तमान परिवेश में शहर का विस्तार होने के कारण कच्ची सामग्री की कमी के चलते कुम्हार परिवार मिट्टी से बने कलश की आपूर्ति मंदिरों में नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण कई मंदिरों में मिट्टी से बने पात्र की जगह तांबे से बने पात्र का उपयोग दीप प्रज्ज्वलित करने में किया जा रहा है। महामाया मंदिर में लगभग 8 सालों से मिट्टी के बने कलश की जगह अब तांबे से बने कलश या पात्र का उपयोग दीप प्रज्ज्वलित करने में किया जा रहा है। प्रधान ज्योति मिट्टी की होती है।*

# भारतीय संविधान अन्य देशों की तुलना में दूरदर्शी, आरंभ से ही सभी को मताधिकार



**रायपुर।** एचएनएलयू में 'सुशासन की दिशाः संविधान, नीति, और समावेशिता' पर सम्मेलन रखा गया। इसका उद्घाटन करते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सैम कोशी ने कहा, शासन के संस्थान में एक मानक और मूल्यांकनात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए। विधि का शासन, मानवाधिकारों का पूर्ण सम्मान और समाज के हर वर्ग की प्रभावी भागीदारी की आवश्यकता है। सम्मेलन के उद्घाटन उद्बोधन में एचएनएलयू के कुलपति प्रो. विवेकानंदन ने संविधान के कार्यान्वयन में समावेशिता की पांच प्रमुख चुनौतियों-जातीय भेदभाव, लैंगिक भेदभाव, धार्मिक समानता, आर्थिक विषमता और सार्वभौमिक शिक्षा के अधिकार पर प्रकाश डाला।

### छग पुलिस के 150 अधिकारी बने हिस्सा

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ पुलिस के 150 अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें एडीजी, आईजी, और डीआईजी रैंक के अधिकारी शामिल थे, और इसमें एडीजी एसआरपी कल्लूरी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित हुए। पहले सत्र में मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रो.पीवीएस गिरिधर ने संविधान के संचालन में औपचारिक और अनौपचारिक कारकों की भूमिका प्रस्तुत की। दूसरे तकनीकी सत्र में सर्वोच्च न्यायालय एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड अमित पाई ने भारतीय संविधान के तहत महिलाओं, बच्चों और हाशिये पर पड़े लोगों की विशेष स्थिति पर एक जीवंत बातचीत में श्रोताओं को सम्मिलित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान अन्य लोकतंत्रों की तुलना में अधिक दूरदर्शी है, जिसमें आरंभ से ही सभी के लिए वयस्क मताधिकार है।

# मेडिकल स्टूडेंट्स ने बताया कैसे स्वस्थ रखें अपना दिल



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी लकड़ा, डॉ.एस चंद्रवंशी, डॉ.अर्चना टोप्पो, डॉ.मनीष पाटिल, डॉ.वेणुगोपाल, डॉ.हेमेश्वरी वर्मा, डॉ. प्रीति गुप्ता एवं पीजी डॉक्टरों ने आमजनों को हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जानकारी दी। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक से बचने के तरीके और हार्ट अटैक को पहचानने के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने लोगों के सवालों का जवाब दिया। हृदय रोग से संबंधित सभी शंकाओं को दूर करने के लिए कार्यक्रम में लोगों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी पीजी डॉक्टर उपस्थित रहे।

### रात्रि बिफोर नवरात्रि : हरिभूमि का प्री गरबा नाइट, प्रतिभागियों ने दिखाए स्पेशल डांस मूव्स

# गरबा गीतों पर मची धूम, मां-बेटी की जोड़ी ने लूटी महफिल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** रास गरबा प्रेमियों के लिए हरिभूमि द्वारा 'प्री गरबा नाइट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित 'रात्रि बिफोर नवरात्रि' में 400 से अधिक गरबा प्रेमियों ने हिस्सा लिया। जहां सभी ने आकर्षक गरबा स्टेप के साथ दर्शकों व निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रबंधक अनिल जोतसिंघानी ने बताया, नवरात्रि से पूर्व गरबा प्रेमियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें उत्तम प्रस्तुति करने वाले समूह व एकल प्रतिभागियों को उपहार भी दिया जाता है।







### पारंपरिक गरबा परिधान में शामिल हुए सदस्य

शहर स्थित मैग्नेटो मॉल में हरिभूमि प्री गरबा नाइट का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में प्रतिभागी व दर्शकों की भीड़ देखने को मिली। लगातार प्रतिभागियों द्वारा गरबा सांग में शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान फिल्मी कलाकारों के किरदार में भी प्रतिभागी नजर आए। गरबा गीतों पर एक ताली, दो ताली, तीन ताली, चौकड़ी, छकड़ी की प्रस्तुति दी गई। जिसमें आकर्षण का केंद्र गरबा स्टेप रहा, जिसे प्रतिभागियों द्वारा तेज गति से किया जा रहा था।

### नन्हें प्रतिभागियों ने मचाई धूम

आयोजन के अवसर पर नन्हें प्रतिभागियों द्वारा भी प्रस्तुति की गई। मां-बेटी, भाई-बहन व बहनों की जोड़ी ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में निर्णायक के रुप में मौजूद मेघा पंजवानी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सराहा गया। प्रतिभागी संगीत के साथ गरबा के नए स्टेप करते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आकाश तिवारी, अशोक, सावित्रि जगत, डॉ. संयुक्ता गांधी उपस्थित रही।

### हरिभूमि रास गरबा 9 से

फिल्मी गानों के साथ गरबे में फिल्मी डांस स्टेप को भी शामिल किया गया। जिमसें प्रतिभागियों ने कई तरह डांस मूव्स दिखाए। शाम 7 बजे से आयोजित गरबा नाइट में देर रात तक प्रतिभागी डटे रहे। गौरतलब है कि नवरात्रि के मौके पर 9 से 11 अक्टूबर तक हरिभूमि रास गरबा का आयोजन किया गया है। जो शहर स्थित ग्रैंड इंपीरिया में आयोजित किया जाएगा।

**धर्म लाइव**

## ज्ञात-अज्ञात पितरों के लिए करेंगे तर्पण, मठ में विशेष व्यवस्था



रायपुर। इस बार भी पितृ पक्ष में सरजूबांधा शमशान घाट विकास समिति द्वारा सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन हवन, तर्पण किया जाएगा। अध्यक्ष माधव लाल यादव और सचिव गोवर्धन झंवर ने बताया कि 2 अक्टूबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन सरजू बांधा मुक्तिधाम में वर्षों से बने मृतकों के कच्चे-पक्के मठों को अव्यवस्था से बचाने के साथ ही उस क्षेत्र को अलग पहचान दिलाने के लिए पुरखा उद्यान भी बनाया गया है। सरजू बांधा तालाब का सौंदर्यीकरण और बाउंड्रीवॉल निर्माण पूर्ण होने से पुरखों के मठों का अपमान बंद हो गया है। 24 घंटे जलाऊ लकड़ी, पीने के शुद्ध पानी एवं जरूरी व्यवस्था दी जाती है।

### प्रातःकाल से प्रारंभ होगा हवन-पूजन

उन्होंने बताया, सनातन धर्म में मृत्यु संस्कार की प्रक्रिया की जाती है। ऐसे सभी ज्ञात-अज्ञात पितरों की आत्मा की शांति के लिए इस साल भी सद्गति के लिए हवन, तर्पण किया जाएगा। सुबह 8 बजे से हवन-पूजन संग पिंडदान तर्पण किया जाएगा। पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा के सानिध्य में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के पास पुरखा उद्यान में पितृ पक्ष में इस बार भी विधि-विधान से नियम किया जाएगा। बीते कई वर्षों से समाज द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि पितरों को तृप्ति मिल सके।

# मैं अयोध्या हूं...

### महानाट्य मंचन में दिखा सतयुग से लेकर वर्तमान तक का इतिहास



भूल-चूक, लेनी-देनी मांग रहा हूं, हम सब राम के भक्त हैं... है इतना ही काफी। इतनी विनती राम से, भक्त हमें भी बना दो जैसे वीर हनुमान... नाटक का समापन जब इन पंक्तियों से हुआ तो जय श्री राम के जयकारे सभाकार में गूंज उठे। शहर स्थित शहीद स्मारक भवन में आयोजित नाटक में यह दृश्य देखने को मिला। जहां सतयुग से वर्तमान 2024 तक आयोध्या के इतिहास पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक लोगों की भावनाओं के साथ जुड़ा रहा, जहां शुरु से लेकर अंत तक लोग भावुकता के साथ नाटक देखते नजर आए।

रायपुर। 'मैं अयोध्या हूं' शीर्षक से इस महानाट्य का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सुनिल सोनी उपस्थित रहे। यहां मुंबई के 40 कलाकारों ने अयोध्या पर आधारित नाटक का मंचन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शकों की भीड़ सभागार परिसर में देखने को मिली। दो घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम के शुरुआत से पूर्व ही दर्शक पहुंचने लगे थे। दर्शक यहां परिजनों के साथ शामिल हुए।

### सरयू समर्पण के दृश्य ने किया भावुक

नाटक की शुरुआत अयोध्या के निर्माण से हुई, जब राजा मनु द्वारा अयोध्या नगरी बसायी गई। राजा मनु के 40वीं पीढ़ी में राम का जन्म हुआ। जिसके बाद श्रीराम के जन्म से लेकर वनवास तक का सफर देखने को मिला। श्री राम द्वारा कुश को राजभारक देने की घोषणा के बाद वह सरयू में समर्पण के लिए निकल गए। वह दृश्य लोगों के लिए भावुक करने वाला रहा, जिसमें वह श्री राम को जाता हुआ देख रहे थे। कलाकारों की शनदार प्रस्तुति देख सभागार में मौजूद दर्शकों के आंसू थम ना सके। कुश की 40वीं पीढ़ी को मगद नरेश महानंद महाराज के समक्ष हारना पड़ा। इसके बाद से अयोध्या नगरी का पतन होने की शुरुआत हुई। विभिन्न कठिनाई के बाद अनेक साल बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हुआ। विभिन्न प्रयासों से मंदिर निर्माण की कहानी सभागार में नाटक के माध्यम में दर्शकों के समक्ष लाई गई। शुरुआत से लेकर अंत तक भजनों की धुन सभागार में सुनने को मिली।







### 40 कलाकारों ने पूरी की कहानी

*अयोध्या की कहानी को जयश्री अरोड़ा ने अपनी आवाज दी। भारतीय फिल्म, मंच व टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान अपने किरदार की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा अयोध्या ब्रम्हा, विष्णु व महेश के समावेश को कहा जाता है। अयोध्या को भगवान विष्णु के मस्तक पर लगे तिलक के रुप में देखा जा सकता है। जो लोगों की आस्था के साथ जुड़ा हुआ है। मंच में अयोध्या के सतयुग से लेकर वर्तमान तक के सफर को बताने का प्रयास किया गया। जिमसें लोगों को अयोध्या के हरे-भरे व सुखद राज्य के इतिहास को बताया गया। श्रीराम का किरदार अनुप श्रीवास्तव ने, लक्ष्मण का किरदार रविशंकर मिश्र ने, ऋषि की भूमिका सुनिल सिंग और राजा मनु का पात्र राकेश डग ने निभाया।*

### नाटक को तैयार करने में 7-8 माह का वक्त



नाटक के लेखक प्रदीप गुप्ता भी शामिल हुए, जिन्होंने नाटक को जीवंत बनाने के लिए विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा नाटक लेखन करने से पहले अयोध्या के इतिहास को जानना जरुरी था। जिसके लिए 4-5 किताबों व विभिन्न साधनों का प्रयोग किया गया। विभिन्न संसाधनों से जानकारी प्राप्त करने में 7-8 माह का वक्त लगा। 'मैं अयोध्या हूं' महानाट्य की मंचन अवधि 2 घंटे व 22 मिनट रही।

**आराधना**

## रिश्ते बनाना उतना ही आसान जितना मिट्टी पर मिट्टी लिखना



रायपुर। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में तेरापंथ जैन समाज द्वारा 'रिश्तों की डोर, ना हो कमजोर' विषय पर सभा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय एवं सूचना प्रसारण मंत्री डॉक्टर एल.मुर्गन, छग के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और नमित जैन भी शामिल हुए। इस दौरान मुनिश्री सुधाकर ने कहा, हमारा विचार है कि रिश्ते बनाना उतना ही आसान है जितना मिट्टी पर मिट्टी से मिट्टी लिखना है। रिश्ते निभाना उतना ही कठिन है कि जितना पानी से पानी पर पानी लिखना। हमने प्रवचन में रिश्तों को मजबूत कैसे बनाएं, रिश्तों को मधुर कैसे बनाएं, रिश्तों को खुशहाल कैसे बनाएं इस विषय पर चर्चा की। केंद्रीय राज्य मंत्री एल.मुर्गन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। तेरापंथ की महिलाओं द्वारा किया गया कार्यक्रम अद्भुत है। सत्संग भारत देश का एक मूल्य आधार है।

### मुनियों से मिली प्रेरणा मानव के लिए लाभकारी

इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, व्यक्ति के जीवन की दिशा ठीक करने में उनके जीवन को सफल बनाने में संत महात्माओं का आचार्य का जो मार्गदर्शन है, वह बहुत बड़ा योगदान होता है। आज मुनियों का आशीर्वाद और उनसे मिली प्रेरणा व आशीर्वाद निश्चित रूप से हम सबके लिए बहुत ही लाभकारी है। रिश्तों से जुड़े विषय पर उनका मार्गदर्शन समाज के लिए महत्वपूर्ण है। महिला मंडल की सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं इसमें शामिल हुईं।

## प्राइड फ्लैग मार्च... मांगा समानता का अधिकार





रायपुर। राजधानी में एलजीबीटीक्यू समुदाय ने समान अधिकारों की मांग को लेकर क्वियर प्राइड फ्लैग मार्च किया। इस दौरान गुब्बारों से सजी श्रृंखला में रंग-बिरंगे कपड़ों से तैयार किए गए फ्लैग को लेकर नारा लगाते हुए समुदाय सदस्य निकले। भारत माता चौक से फ्लैग मार्च प्रारंभ हुआ। तेलीबांधा मरीन ड्राइव में विशेष रूप से मंच सजाया गया। अमन चक्रधारी का बेली डांस, सचिन सोनवानी की गायकी का प्रदर्शन खास रहा। मितवा संकल्प समिति की विद्या राजपूत के साथ एलजीबीटीक्यू समुदाय के अंकित दास, रवि श्रीवास्तव, श्रद्धा नाथ, प्रकाश साहू, कुंवर चौहान, सौरभ रंगारी, प्रनीत घोष, ग्लामिका व अन्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**अग्रसेन जयंती महोत्सव : परिवार संग समाजगण हुए शामिल**

## पहुंचे बॉलीवुड विलेन बनकर



रायपुर। अग्रवाल सभा की ओर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी। 3 अक्टूबर को श्री महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन किया गया है। इसके पहले समाज जनों ने खेल, डांस और सिंगिंग समेत अन्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। सुबह 11 बजे से लेकर शाम तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। रविवार को गो रायपुर गो आयोजन में लोग अपनी कार सजाकर पहुंचे। लोगों को ट्रैफिक नियम का पालन करने को लेकर जागरूक भी किया गया। बुजुर्गों की चौपाल में लोगों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया। कैरम, शतरंज व लूडो के जरिए बुजुर्गों ने अपना दिन यादगार बनाया। हेल्थ शिविर भी लगाया गया था, जिसमें समाज के 80 से अधिक डॉक्टर ने लोगों की निःशुल्क जांच की।

### बच्चों का हुआ फोटोशूट

अग्रसेन कार्निवाल के प्रचार-प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता सभी वर्ग के लिए आयोजित की गई। छोटे बच्चों के लिए स्पेशल फोटोशूट स्टूडियो तैयार किया गया। शाम 5 बजे काफिला बैंड दिल्ली द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई। लक्की ड्रा और विभिन्न मनोरंजक गेम के स्टॉल्स भी भीड़ रही। इस दौरान समाज के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, कैलाश मुरारका, रमेशचंद अग्रवाल, योगी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विश्वंभर अग्रवाल, आनंद गोयल व अन्य उपस्थित रहे। 3 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन होगा।




**समाज इवेंट**

## चीन में वुडबॉल विश्व कप, भारत के लिए खेलेगी छग की छात्रा



रायपुर। पहला अवसर है, जब छत्तीसगढ़ की किसी महिला खिलाड़ी को भारत के वुडबॉल टीम में स्थान मिला है। चीन में आगामी 14 से 21 अक्टूबर तक होने वाले विश्व कप में बतौर खिलाड़ी खेलने का मेरे लिए पहला अवसर हैं। यह कहना है एमबीए की छात्रा एवं वुडबॉल खिलाड़ी मनुप्रिया खेमका का। रविवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। 22 वर्षीय मनुप्रिया ने बताया कि जब उन्हें विश्व कप खेलने के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया, तो गौरव का अनुभूति हुई। प्रदेश में खेल की इस विधा में दो बार गोल्ड मेडल हासिल करने वाली खिलाड़ी ने बताया कि टीम में चयन होने की खुशी है। इसके साथ ही महिला खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे जिस खेल में पारंगत हैं, उसके लिए जीना चाहिए। इसमें कॅरियर की अपार संभावना है।

### सुविधा व संसाधन मुहैया कराए सरकार

उन्होंने आगे बताया कि खेल मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य मुलाकात करने गई थी। चीन में खेलने के लिए चयन होने पर उन्होंने शुभकामनाएं दी हैं। खेल को लेकर हुई चर्चा को लेकर बताया कि राज्य सरकार से वुडबॉल को बढ़ावा देने के लिए सुविधा व संसाधन मुहैया कराने और माहौल बनाने के लिए आग्रह किया है। मनुप्रिया ने कहा कि टीम में शामिल होने की खुशी तब सार्थक होगी, जब मैं प्रदेश का मान बढ़ाते हुए भारत के लिए जीत हासिल करके वापस रायपुर आऊं। चीन में वुडबॉल खेल के लिए बेहतर माहौल मिलेगा, यही उम्मीद है।

**कार्नर न्यूज**

**रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल में गूंजे लता के नगमे, गीतों की बेजोड़ प्रस्तुति**

## लता की याद में सजी महफिल, यहां गानों संग बताया उनका इतिहास, प्रत्येक गीत को लेकर उत्सुक रहे श्रोता

रायपुर। पार्श्व गायिका लता मंगेशकर की आवाज का जादू नए गीतों के बीच भी संगीत प्रेमियों के बीच बरकरार है। रसिक श्रोता आज भी पुराने दौर के गीतों से जुड़े हैं। लता के गीतों को पसंद करने वालों ही नहीं बल्कि गाने वालों में भी उनके गीतों का क्रेज है। इसका अंदाजा इससे भी लगा सकते हैं कि सहगल से शानू तक की जुगलबंदी को फनकारों ने आवाज देते हुए शाम 7 से रात 11 बजे तक रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल में गीतों की बेजोड़ प्रस्तुति से रसिक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रोग्राम के दौरान एक खास बात नजर आई। मंच से गाए जाने वाले हर गीत को किसने लिखा व कब गाया गया, इसकी जानकारी भी दी गई। इसके अलावा संबंधित गीत को किस फिल्म में रूपहले पर्दे पर किस नायक और नायिका पर फिल्माया गया, इसकी जानकारी भी दर्शकों को दी गई।





### लोगों को भाया नया अंदाज

गायकी संग उनके इतिहास बताने के इस नए अंदाज को हर किसी ने पसंद किया। सिंगर्स ने भी इसके लिए खुले दिल से मंच संचालक को साधुवाद दिया। लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने बताया, जैसे-जैसे गीतों का क्रम आगे बढ़ रहा था, अनुश्री, उषा पाल, तृप्ति श्रीवास्तव, संजय सिंह, सुनील कोरी, जलन सागर, प्रसाद राव, भरत कोटेचा, लक्ष्मी दामा की सिंगल व युगल जोड़ी छाई रही। कार्यक्रम में सिंगर्स को मंच देने की जिम्मेदारी कृष्णा शेषगिरी राव ने "लता ही लता" थीम पर निभाई। संगीत की महफिल का सिलसिला पारंपरिक तरीके से शुरू हुआ।

### युगल जोड़ी ने भी छोड़ा असर

ए दिले नादान... गीत से पंचमी सेन्द्रे ने गीत-संगीत का सिलसिला शुरू किया। इसके बाद उन्होंने संजय एवं सुनील के साथ कब तक चुप बैठें अब तो है कुछ बोलना.., ये रात भीग-भीगी ये मस्त हवाएं..., क्या यही प्यार है..., प्यार करने वाले कभी डरते नहीं... जैसे सदाबहार गीतों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। यह सिलसिला आगे बढ़ा तो एनजे राव एवं उषा राव की युगल जोड़ी मैं क्या जानू क्या जादू है.., ये आंखें देखकर हम सारी दुनिया.., मुझे तेरी मोहब्बत का सहारा मिल गया होता... जैसे गीतों की प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं के बीच गायकी का असर छोड़ने में सफल रही।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ और आंध्र की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप-सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रायपुर में जारी है। रविवार को इस प्रतियोगिता में दो मैच खेले गये। पहले मैच में छत्तीसगढ ब्लू के विरुद्ध टॉस जीत कर छत्तीसगढ रेड वुमेंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 151 रन बनाये। छत्तीसगढ ब्लू की शुरुवात अच्छी नहीं रही तथा उसके प्रांरभिक बल्लेबाज मनप्रीत कौर बिना खाता खोले आउट हो गयी। परंतु उनके बाद छत्तीसगढ ब्लू की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने 65 रन तथा मंजरी गावडे ने 44 रन बनाकर टीम को स्थिरता दी। साथ ही सृष्टि शर्मा ने 20 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ रेड की ओर से योगिता लहरे, श्रद्धा वैष्णव तथा देवकी सोनवानी ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ रेड वुमेंस की टीम 19.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 81 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ रेड की ओर से कप्तान कुमुद साहु ने सर्वाधिक 35 रन तथा मिताली शर्मा ने 14 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ ब्लू की ओर से पल्लवी वर्मा ने 2 विकेट प्राप्त किये। कृति गुप्ता को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। छत्तीसगढ ब्लू ने 70 रनों से मैच जीत लिया।

दोपहर 1 बजे से दूसरे मैच में बंगाल के विरुद्ध टॉस जीत कर आंध्र प्रदेश वुमेंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बंगाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 109 रन बनाये। बंगाल की ओर से तनुश्री सरकार ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। साथ ही मीता पॉल ने 32 रन तथा प्रियंका बाला ने 22 रनों का योगदान दिया। आंध्र प्रदेश की ओर से श्रीचरनी तथा सारान्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 2-2 विकेट प्राप्त किए। 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश वुमेंस की टीम ने 15.5 ओवरों में 2 विकेट खोकर 110 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। आंध्र प्रदेश की ओर से कप्तान मेघना तथा स्नेहा ने 31-31 रन तथा हेनेरीटा ने 24 रनों योगदान दिया। वही बंगाल की ओर से अरुणा तथा साइका इसहाक ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। मेघना ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश ने 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### सीएससीएस की अंडर-19 टी-20 खिलाड़ियों की सूची

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा विमेंस अंडर-19 टी 20 टूर्नामेंट हेतु चयनित खिलाड़यों की सूची को जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ टीम एक अक्टूबर से चेन्नई की मेज़बानी में आयोजित बीसीसीआई द्वारा आयोजित स्पर्धा में भाग लेगी। टीम की कमान राजनांदगाव की खिलाड़ी महक नरवसे संभालेंगी। इस टूर में छत्तीसगढ़ अपने सभी मुकाबले चेन्नई के मैदान में क्रमश बिहार, मिजोरम, गुजरात, कर्नाटक और बरोदा के खिलाफ खेलेंगे। टीम में आकांक्षा रानी जयपुर, मानसी उपाध्याय जांजगीर चाम्पा, कल्पना पांडे दुर्ग, सिद्धिक्षा तिवारी रायपुर, शेख नाजिया विकेटकीपर दंतेवाड़ा, राधिका नेताम बस्तर, सेजल वर्मा विकेटकीपर रायपुर, चांद चेलक विकेटकीपर बिलासपुर, सिलमणि कंडुलना कोरबा, अनम खान रायपुर, श्रेया श्रीवास बीसीए, महक नरवसे कैप्टन राजनांदगांव, किरण वर्मा रायपुर, चांदनी कुमारी जांजगीर चांपा और शांति बघेल रायपुर शामिल हैं। मुख्य मैच में बिहार विरुद्ध छत्तीसगढ़ 1 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध मिजोरम 2 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध गुजरात 4 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध कर्नाटक 6 अक्टूबर और बड़ौदा विरुद्ध छत्तीसगढ़ 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा।



### राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल स्पर्धा के लिए राज्य की टीम घोषित



**रायपुर।** राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल बालक बालिका टीम किट वितरण समारोह रविवार को छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर में रखा गया। जिसमें अतिथि के रूप में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया और छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ बेसबॉल के कोच अख्तर खान ने बताया कि राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल बालक बालिका प्रतियोगिता संगरूर पंजाब में 2 से 6 अक्टूबर तक आयोजित है। जिसके लिए 26 अगस्त को राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित किया गया था जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। जिस आधार पर प्रदेश के 18 बालक व 18 बालिका को चयन किया गया था। जिनका प्री-नेशनल कोचिंग कैंप 20 से 29 सितंबर तक छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित किया गया।

#### शरीर में कई प्रकार की भी बीमारियों को बढ़ाने का कारण बन सकती है यह सूजन

# अनावश्यक वजहों से होने वाली सूजन पर बरतें गंभीरता, नुकसान भी कर सकती है ये तकलीफ

इंफ्लामेशन, हमारे शरीर की उपचार प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। जब हमारा शरीर किसी आक्रामक एजेंट (जैसे वायरस, बैक्टीरिया या रसायनों) के संपर्क में आता है तो इसकी प्रतिक्रिया में सूजन होती है। हालांकि अगर ये इंफ्लामेशन या सूजन की समस्या अनावश्यक कारणों से होने लगती है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सूजन, चोट या संक्रमण से शरीर की रक्षा के लिए इंफ्लामेशन होना एक सामान्य प्रक्रिया है हालांकि सूजन तब हानिकारक हो जाती है जब यह स्वस्थ ऊतकों में हो जाए या बहुत लंबे समय तक बनी रहे। इसे क्रोनिक इंफ्लामेशन के रूप में जाना जाता है, जो शरीर में कई प्रकार की भी बीमारियों को बढ़ाने का कारण बन सकती है।



### इंफ्लामेशन के कारण क्रोनिक बीमारियों का खतरा

लंबे समय तक बनी रहने वाली इंफ्लामेशन की समस्या कई प्रकार की बीमारियों जैसे रुमेटाइड आर्थराइटिस और ऑटोइम्यून बीमारियों का कारण बन सकती है। कार्डियोवस्कुलर रोग जैसे उच्च रक्तचाप और हृदय रोग, गैस्ट्रोइंटस्टाइनल विकारों को भी इंफ्लामेशन के कारण होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने वाले उपायों पर ध्यान देते रहना चाहिए। कुछ लक्षण इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में इंफ्लामेशन हो रहा है।

### इंफ्लामेशन को कम करने के लिए क्या करें?



डॉक्टर कहते हैं, अपने शरीर से सूजन को कम करने के लिए छह बातों पर विशेष ध्यान देते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। एंटी-इंफ्लामेटरी खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ऐसी चीजों का सेवन कम करें जो इंफ्लामेशन को बढ़ाती हैं। ब्लड शुगर को नियंत्रित रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। वजन को कम करने का प्रयास करते रहें। तनाव का प्रबंधन करें, योग-मेडिटेशन से इसमें लाभ पाया जा सकता है।

### संतुलन की समस्या

क्रोनिक इंफ्लामेटरी डिजीज (सीआईडी) आपके शरीर को अत्यधिक प्रतिक्रिया करने पर मजबूर करती है, जिस स्थिति में कई बार शरीर के स्वस्थ ऊतकों को भी नुकसान होने का खतरा रहता है। मल्टीपल स्केलेरोसिस ऐसी ही एक समस्या है जिसमें आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, तंत्रिका कोटिंग को अटैक करती है। इससे तंत्रिका संकेतों में समस्या आ सकती है जिसके कारण आपका संतुलन बिगड़ सकता है।

### पीठ के निचले हिस्से में दर्द

क्रोनिक इंफ्लामेशन के कारण एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या होना काफी सामान्य है जिसमें सूजन की समस्या आपके रीढ़ को भी प्रभावित करने लगती है। कभी-कभी, यह आपके कूल्हे, गर्दन, घुटनों या छाती के लिए भी समस्याकारक स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द की समस्या अगर लंबे समय से बनी हुई है और यह ठीक नहीं हो रही है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है।

## अरिंदम, अथर्व और प्रज्ञा व अक्षिता विजेता बने

- वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में हुई। रविवार को यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग अंतिम दौर के मुकाबले हुए। इसके अलावा सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता शनिवार 28 सितंबर को हुयी।

प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों में यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग के सेमीफायनल में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने यशवंत डेकाटे (रायपुर) को 3-1 एवं सिद्धा धुपड़ (रायपुर) ने दीक्षांत जागड़े (बिलासपुर) को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग के सेमीफायनल में समाया पांडे (रायपुर) ने चारवी मढरिया (दुर्ग) को 3-1 एवं आरना खोटेले (रायपुर) ने वेदी कछवाहा (रायपुर) को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर -15 (सब जुनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल में दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) ने युवराज बंजारे (बिलासपुर) को 3-0 एवं श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर) ने कवीश काला (रायपुर) को 3-1 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर- 15 (सब जुनियर) बालिका वर्ग के सेमीफायनल में तिशा हरदेल (दुर्ग) ने सूची वर्मा (दुर्ग) को 3-2 एवं आहना सिंह (रायपुर) ने समाया पांडे (रायपुर)को 3-2 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में 28 सितंबर को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग सम्पन्न हुई। जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे ने किया। विशेष अतिथि एच डी एफ सी बैंक, रायपुर के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट मंदार कुलकर्णी थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ल, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 28 सितंबर के फायनल मैच में सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विजेता-अरिंदम देबनाथ (रायपुर), उपविजेता- एम. रविराज (दुर्ग) 4-0 सीनियर महिला एकल वर्ग में विजेता-प्रज्ञा पाठक (दुर्ग), उपविजेता-सुष्मिता सोम (बिलासपुर) 4-1 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग में विजेता-अथर्व साहू (दुर्ग), उपविजेता- अथर्व अग्रवाल (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में विजेता-अक्षिता बीनू (बिलासपुर), उपविजेता- आरुषि मढ़रिया (दुर्ग) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी हैं।

## घर पर पिस्ता कुल्फी बनाकर जीत लीजिए अपनों का दिल



इन दिनों बारिश की विदाई है और सर्दियां आने को है। लेकिन मौसम गर्म है। ऐसे में घर पर आइसक्रीम का जायका ले सकते हैं। बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में कई तरह के केमिकल मिले होते हैं। बेहतर है घर पर ही मजेदार पिस्ता कुल्फी बनाएं। कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले एक लीटर दूध को एक बर्तन में डालकर उबाल लें। इसे तब तक उबालना है, जब तक ये आधा ना हो जाए। जब ये गाढ़ा हो जाएगा तो इसका रंग बदलना शुरू हो जाएगा। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें चीनी और केसर के धागे डालकर 4 से 5 मिनट के लिए चलाएं।

दूध लगातार चलाने के बाद इसमें हरी इलायची का पाउडर डालकर गैस बंद कर दें। इसी दौरान कटे हुए पिस्ता दूध में डालें। अगर आप कुल्फी में मेवे डालना चाहते हैं तो दूध में अब कटे हुए मेवे डाल दें। इसके बाद दूध को ठंडा करके इसे कुल्फी के सांचे में डाल दें। अब सही तरह से सांचे को फ्रिज में जमने के लिए रख दें। 4 से 5 घंटे जमने देने के बाद कुल्फी को चेक करें। जब ये अच्छे से जम जाए तो इसे निकाल कर परोसें। आप चाहें तो कुल्फी के ऊपर पिस्ता रखकर उसे सजा सकते हैं।



## धन को आकर्षित करने अपनाएं फेंगशुई टिप्स


प्राचीन काल से, धन को आकर्षित करने के लिए फेंगशुई का उपयोग किया जाता रहा है। फेंग शुई एक पारंपरिक चीनी प्रथा है जो पर्यावरण के सामंजस्य के लिए ऊर्जा बलों का उपयोग करने का दावा करती है। फेंगशुई एक चीनी शब्द है जहां फेंग का मतलब हवा और शुई का मतलब पानी होता है। फेंगशुई किसी के लिए धन या संपत्ति नहीं लाता है बल्कि यह घर और कार्यालय में एक ऐसा वातावरण बनाता है जो आपको धन और धन समृद्धि की ऊर्जाओं को आकर्षित करने के लिए समर्थन और शक्ति देता है। फेंगशुई में धन को आकर्षित करने के लिए कई आसान और सरल टोटके हैं।

### धन आकर्षित करने के लिए करें ये उपाय



यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में धन का आगमन हो तो आपका घर हमेशा स्वागत योग्य दिखना चाहिए। इसलिए एक आकर्षक फ्रंट डोर की जरूरत है। डस्टबिन, शू रैक, या कोई पुराना या टूटा फूलदान पास रखने से बचें। वेल्थ पॉइंटर्स (एक तीर जो घर के अंदर की ओर इशारा करता है) का उपयोग करें। यह पैसे को अंदर आने का निर्देश देता है। चीनी सिक्कों द्वारा तीर बनाए जा सकते हैं। फेंगशुई प्रतीक न केवल धन को आकर्षित करते हैं बल्कि धन की रक्षा भी करते हैं। चीनी सिक्के, लकड़ी की कलाकृतियाँ, जल स्रोतों के वॉलपेपर धन ऊर्जा को आकर्षित करते हैं। जहां आप अपने वित्तीय कार्यों का प्रबंधन करते हैं, उस क्षेत्र को अच्छी तरह से और ठीक से व्यवस्थित रखें। पैसों में वृद्धि और संचयन के लिए लकड़ी की कलाकृतियों, नीला रंग, चीनी सिक्कों, फेंगशुई रत्नों, बांस और अन्य प्रतीकों का उपयोग करें। अपने घर में फेंग शुई प्रतीकों को प्रदर्शित करें जो आपको धन और प्रचुरता के बारे में बताते हैं। चीनी सिक्के और वॉलपेपर का उपयोग करें जो धन ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### नवंबर में रिलीज होगी वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' दर्शकों को इंतजार



'ड्यूनः प्रोफेसी' वेब सीरीज नवंबर में रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे जियो सिनेमा पर देख सकेंगे। वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बहुप्रतिक्षित वेब सीरीज को नवंबर में रिलीज किया जाएगा। भारतीय दर्शक इस सीरीज को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसकी जानकारी खुद जियो सिनेमा की ओर से दी गई है। सीरीज को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। दर्शक इस अपडेट का पाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब इससे परदा हटा दिया गया है। जुलाई में जब 'ड्यूनः प्रोफेसी' का दूसरा टीजर ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे पसंद किया था। भारतीय दर्शक भी इस सीरीज को लेकर खासे उत्साहित है, क्योंकि इसमें तब्बू ने भी अभिनय किया है और टीजर में भी उनकी झलक देखने को मिली थी। इसमें तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज केविन जे एंडरसन और ब्रायन हर्बर्ट द्वारा लिखे गए उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से प्रेरित है। यह एक साइंस फिक्शन वेब सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। 'ड्यूनः प्रोफेसी' में एमिली, ओलिविया विलियम्स, ट्रैविस फिमेल, जोहदी मे, तब्बू, सारा-सोफी बोस्निना, एडवर्ड डेविस, फॉइलेन कनिंघम, मार्क स्ट्रॉन्ग, क्लो ली, जोश हेस्टन, जेड एनोका, शालोम ब्रून-फ्रैंकलिन, क्रिस मेसन और एओइफ हिंड्स ने अभिनय किया है। इस सीरीज का निर्माण कनिंग हैंड, एनाबेलिटा फिल्म्स और लेजेंडरी टेलीविजन द्वारा मिलकर गया है।

## टॉलीवुड

### 37 की उम्र में एटली के पास करोड़ों की संपत्ति, जानें नेटवर्थ



एटली कुमार भारत के सबसे मशहूर और बड़े निर्देशकों में से एक हैं। साउथ से अपने करियर की शुरुआत करने वाले एटली का असली नाम अरुण कुमार है। उन्होंने एस शंकर के साथ फिल्म एंथिरन में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर फिल्मी दुनिया में कदम रखा। एटली ने साल 2013 में फिल्म 'राजा रानी' से अपने करियर शुरुआत की। रिपोर्ट्स के मुताबिक 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 84 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म के लिए एटली को उन्हें 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का पुरस्कार भी मिला था। बता दें कि एटली के पास खुद का प्रोडक्शन हाउस भी है, जिसका नाम 'हाउस एप्पल प्रोडक्शन' है। एटली ने अपने करियर में कई शानदार और बंपर कमाई करने वाली फिल्मों का निर्देशन किया है। वह भारत के जाने-माने निर्देशकों में से हैं। एटली ने फिल्म 'बिगिल' का निर्देशन किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। बता दें कि एटली ने कई फिल्में भी लिखी हैं। उन्होंने निर्देशक और लेखक के रूप में कुल 5 फिल्में बनाई हैं, जिसमें शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'जवान' भी शामिल है। यह एटली की पहली हिंदी फिल्म थी। इस फिल्म ने उन्हें दक्षिण के अलावा हिंदी पट्टी क्षेत्रों में भी नाम कमाया। एटली की नेटवर्थ की बात करें तो वह करोड़ों में खेलने वालों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी नेटवर्थ लगभग 42 करोड़ रुपये है। कहा जाता है कि वह अपनी फिल्मों के लिए भी मोटी रकम वसूलते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक फिल्म के लिए करोड़ों में रुपये लेते हैं।

## भोजपुरी

### खेसारी की फिल्म 'अपराधी' जल्द मचाएगी धमाल, जच रहे हैं बिहारी



ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की नई फिल्म 'अपराधी' इस दुर्गापूजा पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। इससे पहले शेखर शर्मा की निर्देशित खेसारीलाल की दो फिल्में 'मुकद्दर' और 'बागी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थीं। फिल्म 'अपराधी' में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री, और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म 'अपराधी' को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है। हमारी टीम ने इस पर कड़ी मेहनत की है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे बहुत प्यार देंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अपराधी' में गांव का असली अंदाज और जज्बात दिखाने की कोशिश की गई है, जिसे दर्शक बड़े पर्दे पर जरूर एंजॉय करेंगे।

## भारतीयता की झलक

लाइफ स्टाइल



हालांकि, हर संस्कृति और जनजाति में आधुनिक और पारंपरिक कपड़े होते हैं। लेकिन पारंपरिक भारतीय कपड़ों ऐसा बहुत कुछ खास है जो आपको अपनी संस्कृति से जोड़े रखता है। भारत में, वे प्रत्येक क्षेत्र की जातीयता, भूगोल और सांस्कृतिक परंपराओं के आधार पर कपड़े चुनते हैं या निर्धारित करते हैं। इन दिनों फैशन शो में भारतीय कपड़ों की धूम है।

# त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है ग्लिसरीन



3अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा ग्लो करेगा। ग्लिसरीन आपको बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। रोजाना इसके इस्तेमाल से आपको कई फायदे मिलते हैं। ग्लिसरीन का इस्तेमाल करके आप न सिर्फ त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं बल्कि पिंपल, एक्ने और दाग-धब्बों की समस्या से भी राहत पा सकते हैं।

# खास सूट डिजाइंस आपके लिए, दिखेंगी आकर्षक




3रोजाना के लिए हम सलवार-सूट पहनना पसंद करते हैं। वहीं त्यौहारों के मौके पर एथनिक वियर को स्टाइल करते हैं। इसके कई डिजाइन और पैटर्न आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सेलिब्रिटीज की तरह स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो कुछ खास डिजाइन से इंस्पायर हो सकती हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि आजकल बहुत सी सेलिब्रिटी आए दिन अपने स्टाइलिश सूट लुक्स को सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं, जिन्हें देख फैंस भी इंस्पायर हो रहे हैं। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस के कुछ स्टाइलिश सूट लुक्स जिन्हें आप त्यौहारों के मौके पर आसानी से रीक्रिएट कर सकती हैं और स्टाइलिश दिख सकती हैं।



## निऑन कलर सूट

निऑन कलर को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। इस हैवी सूट को डिजाइनर तुलपलव द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बालों के लिए मेसी लुक पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। मेकअप के लिए ब्लश पिंक कलर का चुनाव करें।

## नायरा कट सूट

आजकल नायरा कट सूट डिजाइन फैशन में नजर आ रहा है। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें। साथ ही हैवी झुमकी इयररिंग्स को पहनकर लुक को कम्प्लीट करें।

## पेप्लम स्टाइल सूट

कुछ अलग डिजाइन का सूट पहनना चाहती हैं तो इस तरह का पेप्लम कुर्ती के साथ शरारा सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस शरारा सूट को डिजाइनर गोपी वैद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको लगभग 1200 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें। वहीं इस तरह का सूट बनवाने के लिए आप घर पर रखी पुरानी साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें इयररिंग्स, मिलेगी तारीफ

ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।



## हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं। इसे आप शर्ट पैंट, ड्रेस या फिर जींस टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

## हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन

# स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी के साथ ट्राई करें बैक

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।

## डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।



## लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है इसके बाद तीसरा ट्राई एंगल बनाकर इसे डोरी के साथ चिपका देना है। ऐसे आपका लेयर डोरी डिजाइन ब्लाउज रेडी हो जाएगा।


## कार्नर न्यूज

**नाइट पार्टी मेकअप के लिए कुछ नया लुक क्रिएट करने की चाह आपको बनाएगी दूसरों से अलग**

# नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो

नाइट पार्टी का मेकअप कुछ खास होता है। इसे इस्तेमाल करने कुछ तैयारियां करनी होती है। रात के वक्त मेकअप कुछ ऐसा होना चाहिए कि सबकी नजर आप पर हो। यहां दिए गए टिप्स से आप अपना मेकअप और बेहतरीन बना सकती हैं।

न्यूड मेकअप लुक्स आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा।



## ग्लॉसी मेकअप लुक्स

अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं।



## बोल्ड आई मेकअप लुक

नाइट पार्टी के लिए अगर आप कुछ नया लुक सर्च कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है बोल्ड आई मेकअप लुक (परफेक्ट मेकअप लुक)। इस तरीके के लुक्स बोल्ड होते हैं साथ ही लुक को स्टाइलिश बनाते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ अपनी आंखों को बोल्ड करना होगा और लिप्स पर लाइट शेड को लगाना होगा। बेस को भी आपको थोड़ा हैवी रखना है। तभी आपका बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट हो जाएगा। इस तरीके से आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं और पार्टी में स्टाइलिश लग सकती हैं।